भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †6299

उत्तर देने की तारीख- 02/04/2026

कर्नाटक में पीएमजेयूजीए के अंतर्गत कवरेज

†6299. श्री यदुवीर वाडियार:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के मैसूर और कोडागु जिलों में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के अंतर्गत कितने गांवों की पहचान की गई है और उन्हें शामिल किया गया है;

(ख) उक्त अभियान के अंतर्गत इन जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका सृजन, अवसंरचना और कौशल विकास के लिए सहायता सहित किस प्रकार के कार्यकलाप किए गए हैं;

(ग) विगत दो वर्षों के दौरान मैसूर और कोडागु में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल कितनी निधि संस्वीकृत और जारी की गई है;

(घ) इन जिलों में जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार के संदर्भ में अब तक क्या मापन योग्य परिणाम प्राप्त हुए हैं; और

(ङ.) जनजातीय और वन-सीमावर्ती क्षेत्रों में अन्य केन्द्रीय और राज्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ प्रभावी तालमेल सुनिश्चित करने के लिए क्या निगरानी तंत्र मौजूद हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) का धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के रूप में शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य कर्नाटक राज्य के कोडागु जिले के एक गांव और मैसूर जिले के 62 गांवों सहित 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 63,843 गांवों में अवसंरचनात्मक अंतरों को संतृप्त करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच और जनजातीय लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान करना है। इस अभियान में 17 मंत्रालयों के 25 उपाय शामिल हैं।

(ख) डीएजेजीयूए के तहत संबंधित मंत्रालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीएजेजीयूए योजना के अंतर्गत कर्नाटक के मैसूर और कोडागु जिलों में किए गए विभिन्न उपायों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) डीएजेजीयूए योजना के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न गतिविधियों के लिए कर्नाटक सरकार को कुल 14,516.17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पिछले दो वर्षों के दौरान कुल स्वीकृत राशि में से मैसूर जिले को 2,181.00 लाख रुपये और कोडागु जिले को 2,382.50 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। आज की तारीख में, डीएजेजीयूए के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कर्नाटक सरकार को 2,877.50 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

(घ) डीएजेजीयूए के तहत संबंधित मंत्रालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपलब्धि को **अनुलग्नक 1** में रखा गया है।

(ङ.) डीएजेजीयूए के तहत मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ इस अभियान की प्रगति का आकलन करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। ये बैठकें मंत्रालय के साथ-साथ राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के स्तर पर कार्यान्वयन की वास्तविक और वित्तीय प्रगति दोनों की निगरानी की सुविधा भी प्रदान करती हैं। इसके अलावा, प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर परियोजना निगरानी इकाइयों (पीएमयू) की स्थापना की गई है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 02.04.2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6299 के भाग (ख) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजना

क्र.सं.	जिले का नाम	परियोजना गतिविधि
1	कोडागु	अतिरिक्त कक्षा
2	कोडागु	शौचालय
3	कोडागु	शिक्षक क्वार्टर
4	कोडागु	फर्नीचर
5	मैसूर	अतिरिक्त कक्षा
6	मैसूर	शौचालय
7	मैसूर	शिक्षक क्वार्टर
8	मैसूर	फर्नीचर
9	मैसूर	मरम्मत (रिपेयर)

(पीएमएवाई-जी) के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत

राज्य का नाम	जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	स्वीकृत	कुल पूर्ण
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	73	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	1	1
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	1	1
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	11	1
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	2	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	2	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	5	1
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	5	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	6	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	3	0
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	6	2
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	20	13
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	2	1
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	4	0
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	23	3
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	13	3

राज्य का नाम	जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	स्वीकृत	कुल पूर्ण
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	0	0
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	0	1
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	22	4
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	1	0
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	12	2
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	8	0
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	0	0
कर्नाटक	मैसूर	हुन्सुर	1	0
कर्नाटक	मैसूर	मैसूर	0	2
कर्नाटक	मैसूर	मैसूर	0	0
कर्नाटक	मैसूर	मैसूर	2	0
कर्नाटक	मैसूर	मैसूर	0	3
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	12	6
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	40	1
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	56	5
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	3	6
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	69	1
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	12	2
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	141	2
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	0	0
कर्नाटक	मैसूर	नंजनगुड	14	10
कर्नाटक	मैसूर	पिरियापटना	0	0
कर्नाटक	मैसूर	पिरियापटना	0	0
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	74	17
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	19	4
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	17	5
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	56	3
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	8	3
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	108	8
कर्नाटक	मैसूर	सरगुरु	84	9
कर्नाटक	मैसूर	तिरुमकूडल-नरसीपुर	11	0
कर्नाटक	मैसूर	तिरुमकूडल-नरसीपुर	0	2
कर्नाटक	मैसूर	तिरुमकूडल-नरसीपुर	6	1
कर्नाटक	मैसूर	तिरुमकूडल-नरसीपुर	8	4
		कुल	961	127

जल शक्ति मंत्रालय

क्र.सं.	जिला	डीए-जेजीयूए गांवों की संख्या	संतृप्त गांवों की संख्या (100% नल कनेक्शन)
1	कोडागु	1	0
2	मैसूर	61	39

दूरसंचार विभाग

राज्य का नाम	**जिले का नाम**	**ब्लॉकों का नाम**	**गांव का नाम**	**अंतिम डीबीएन टिप्पणियाँ**
कर्नाटक	मैसूर	हेग्गडदेवनकोटे	माचुर	बीएसएनएल उन्नयन द्वारा कवर किए गए चरण 9.2 परियोजना स्थल

*****